**03/01**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने कल ईटानगर स्थित लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। बैठक में राज्यपाल ने शासन व्यवस्था और सेवा वितरण को और बेहतर करने पर विचार विमर्श किया। उन्होंने भू-स्थानिक यानी जियोस्पेशियल तकनीकों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से विकास परियोजनाओं की कड़ी निगरानी पर जोर दिया, ताकि पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन और तथ्यों पर आधारित निर्णय सुनिश्चित किए जा सकें। राज्यपाल ने विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने शासन और विकास में व्यावहारिक एआई आधारित समाधानों की संभावनाओं पर चर्चा की तथा भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निरंतर विस्तार और प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए राज्य में नागरिक-केंद्रित सेवाओं को और मजबूत करने पर भी बल दिया।

000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने पूर्व मुख्यमंत्री मुकुत मिथि एवं विधायकों के साथ पासीघाट स्थित 'हंप, द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय' का दौरा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने मेबो

विधायक ओकेन तायेङ की इस पहल की सराहना की, जिसके तहत द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़े जिनमें युद्ध के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए विमानों के अवशेष सहित अन्य बहुमूल्य अवशेषों, को संरक्षित किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय पांगसू पास शीतकालीन महोत्सव के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध के 80 वर्ष पूरे होने का स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के समय अरुणाचल प्रदेश के कई जनजातीय लोगों ने कुली के रूप में योगदान देने के साथ ऐतिहासिक लिडो सड़क के निर्माण में भी सहयोग किया। इस विरासत के सम्मान में जयरामपुर में भी एक द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की सुबी ताबा को उनके प्रशंसित साहित्यिक कृति **‘Tales from the Dawn-Lit Mountains’** के लिए वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य के लिया **‘रामनाथ गोयनका साहित्य सम्मान’** प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुश्री सुबी ताबा को द न्यू इंडियन एक्सप्रेस द्वारा दिया गया यह प्रतिष्ठित सम्मान अरुणाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है और पूर्वोत्तर के समकालीन साहित्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

0000000000000000000000

पापुम पारे जिले के दिपो, कीई पन्योर के फोप और राधपू क्षेत्रों में रणनीतिक ग्रेफाइट और वैनेडियम खनिज ब्लॉकों की खोज के लिए संयुक्त लाइसेंस डीड्स का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में भूविज्ञान एवं खनन विभाग, वेदांता लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड और ओडिशा मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार लोगों के दीर्घकालिक हित में पारदर्शी, जिम्मेदार और समुदाय-केंद्रित खनिज विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

निरजुली पुलिस द्वारा कल निरजुली विलेज-I में मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 19.23 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर तादू हासाङ, ओसी निरजुली सहित एस आई गोपाल तोक एवं अन्य कर्मियों के साथ किया। यह कार्रवाई एसडीपीओ नाहरलगुन ऋषि लोंग्दो की निगरानी में की गई थी। इस बीच, आईसीआर नाहरलगुन एसपी डॉ. न्येलाम नेगा ने जनता, विशेषकर युवाओं से नशे से दूर रहने और नशा मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस को विश्वसनीय जानकारी देने में सहयोग की अपील की है।

000000000000000000000000

भारत निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से **ECINet** ऐप डाउनलोड करने और ऐप को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव देने का आग्रह किया है। नागरिक 10 जनवरी 2026 तक ऐप में उपलब्ध सबमिट ए सजेशन टैब के माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। **ECINet** ऐप एक एकीकृत मंच है, जिसमें पहले की 40 अलग-अलग चुनाव संबंधी ऐप्स और वेबसाइट्स जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी-विजिल, सक्षम, पोलिंग ट्रेंड्स और 'नो योर कैंडिडेट' ऐप को एक ही इंटरफेस में शामिल किया गया है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर दोनों पर उपलब्ध है। इस ऐप का परीक्षण संस्करण बिहार विधानसभा चुनाव 2025 और उपचुनावों के दौरान सफलतापूर्वक उपयोग में लाया गया था।

000000000000000000000000

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि यह ट्रेन रात्रिकालीन और लंबी दूरी की यात्राओं के लिए डिज़ाइन की गई है। उन्होंने कहा कि पूरी तरह वातानुकूलित यह स्लीपर सेवा इस महिने में गुवाहाटी और कोलकाता के बीच शुरू की जाएगी।

000000000000000000000000

और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड -BCCI ने आगामी 11 जनवरी से शुरू होने वाली न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय ODI श्रृंखला के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के साथ ही इस टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गई है। तीनों एकदिवसीय मुकाबले वडोदरा, राजकोट और इंदौर में खेले जाएंगे।

0000000000000000000000